**—प्रेस नोट—**

**जनपद मीरजापुर।**

**दिनांकः 30.05.2022**

**थाना अहरौरा पुलिस द्वारा 02 अदद अवैध तमंचा, 02 अदद रिवाल्वर तथा 06 अदद जिंदा कारतूस सहित शस्त्र बनाने के लोहे के विभिन्न उपकरणों के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार—**

पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन के कुशल पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अहरौरा पुलिस द्वारा 02 अदद अवैध तमंचा, 02 अदद रिवाल्वर तथा 06 अदद जिंदा कारतूस सहित शस्त्र बनाने के लोहे के विभिन्न उपकरणों के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। दिनांकः 29.05.2022 को उ0नि0 कमलेश कुमार मय पुलिस बल क्षेत्र की देखभाल हेतु भ्रमणशील थे कि इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि खप्पर बाबा मोड़ से कुछ आगे शारदह की तरफ जाने वाली रोड़ के किनारें झाड़ी में दो व्यक्ति तमंचा तथा तमंचा बनाने का उपकरण इत्यादि लिए है। प्राप्त सूचना के आधार पर थाना अहरौरा पुलिस द्वारा मुखबिर द्वारा बतायें गए उपरोक्त स्थान पर दबिश देकर एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया तथा दूसरा व्यक्ति जंगल व अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पकड़े गए व्यक्ति द्वारा पूछताछ में अपना नाम विजयमल शर्मा पुत्र स्व0 घुरहू शर्मा निवासी बसहा थाना चांद जनपद कैमूर भभुआ , बिहार बताया गया, जिसके कब्जे से झोले में रखा हुआ तमंचा , रिवाल्वर व कारतूस सहित शस्त्र बनाने में प्रयुक्त लोहे के विभिन्न उपकरण बरामद हुए। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अहरौरा पर आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वह अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर देशी तमंचा व रिवाल्वर बनाने का कार्य सुनसान पहाड़ी क्षेत्रों में जाकर करता है तथा उन्हे उचित दाम पर बेचने का कार्य करते है।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त—**

विजयमल शर्मा पुत्र स्व0 घुरहू शर्मा निवासी बसहा थाना चांद जनपद कैमूर भभुआ, बिहार, उम्र करीब-45 वर्ष।

**विवरण बरामदगी—**

02 अदद 315 बोर अवैध तमंचा मय 02 अदद जिंदा कारतूस , 02 अदद 38 बोर अवैध देशी रिवाल्वर मय 01 अदद जिंदा कारतूस, 03 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर तथा शस्त्र बनाने के लोहे के विभिन्न उपकरणों(भट्ठी हैण्डल सहित, वर्मा मशीन, नाल, रेती, प्लेट, डिलपिन, पतली छड़ व जालीदार पत्ती इत्यादि ).

**गिरफ्तारी व बरामदगी का स्थान, दिनांक व समय—**

थाना अहरौरा अन्तर्गत खप्पर बाबा मोड़ से कुछ आगे शारदह की तरफ जाने वाली सड़क के पास से , दिनांक 29.05.2022 को समय 18.50 बजे।

**गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम—**

1-उ0नि0 कमलेश कुमार थाना अहरौरा, मीरजापुर।

2-उ0नि0 श्यामलाल थाना अहरौरा, मीरजापुर।

3-हे0का0 सचिन मौर्या थाना अहरौरा, मीरजापुर।

4-हे0का0 अनुप सिंह थाना अहरौरा, मीरजापुर।

5-का0 सुधाकर खरवार थाना अहरौरा, मीरजापुर।

6-का0 अजय कुमार थाना अहरौरा, मीरजापुर।


साइबर
थाना